Hindu Kanya Mahavidyalaya, Jind
Event: Won Overall Trophy in Zonal Youth Festival
7th November to 8th November, 2023

दिनांक 7-8 नवंबर 2023 को मेटिस डिग्री कॉलेज अंटा (सफीदों) में हुए युवा उत्सव में हिंदू कन्या महाविद्यालय ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। महाविद्यालय की तरफ से कुल 22 विधाओं में प्रस्तुतियां रही। यह प्रस्तुतियां क्रमश: गायन, वादन, नृत्य व अभिनय के क्षेत्र में रही। तीनों विधाओं की कुल 22 गतिविधियों में छात्राओं ने कुल 13 प्रथम व 5 द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किए। सभी विधाओं में महाविद्यालय की कुल 48 छात्राओं ने प्रतिभागिता की। ग्रुप सॉन्ग जनरल, ग्रुप डांस जनरल, मिमिक्री, हरियाणवी सोलो डांस, हरियाणवी समूह नृत्य, इंडियन आर्केस्ट्रा, लोक सॉन्ग जनरल, वन एक्ट प्ले, माइम, रिचुअल, कोरियोग्राफी, वेस्टर्न वोकल सोलो, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो, क्लासिकल वोकल सोलो आदि छात्राओं ने पूरे उत्साह से दी। बखूबी परिणाम के चलते छात्राओं ने गायन की पंडित जसराज ट्रॉफी, नृत्य की पंडित बिरजू महाराज ट्रॉफी व अभिनय की सुनील दत्त ट्रॉफी जीती। सभी विधाओं की अलग-अलग ट्रॉफियों को जीतने के बाद ओवर आल ट्रॉफी भी हिंदू कन्या महाविद्यालय की रही। छात्राओं के अथक प्रयास व अभ्यास से यह संभव हुआ। सांस्कृतिक विभाग की अध्यक्षा डॉक्टर क्यूटी ने कहा कि छात्राओं के दिन-रात प्रयास, लगन व समस्त कार्यकारिणी समिति व स्टाफ सदस्यों के सहयोग से ऐसा संभव हो पाया

है। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती आरती सैनी ने भी छात्राओं को बधाई दी व भविष्य में निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर जी ने छात्राओं को बधाई दी व इन गतिविधियों की हमारे व्यक्तित्व को निखारने में जो भूमिका है, उस दृष्टिकोण से उन्हें शुभकामनाएं दी। समग्र महाविद्यालय परिवार (टीचिंग एवं नॉन टीचिंग) स्टाफ के मन में जो उत्साह दिखाई दे रहा था, वह काबिले तारीफ था। कार्यकारिणी समिति के प्रधान, उप प्रधान व अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी छात्राओं में सांस्कृतिक विभाग के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी व महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिकाएं डॉक्टर उपासना गर्ग, डॉक्टर सुषमा हुड्डा, श्रीमती अंजलि, श्रीमती रेखा सैनी, श्रीमती नीलम, श्रीमती अंजू, श्रीमती क्रांति, डॉक्टर नीलम भी ऑल ओवर ट्रॉफी की खुशी में मौजूद रही। संगीत विभाग से श्रीमान प्रवीण व श्रीमती रमन का भी योगदान सराहनीय रहा। डॉक्टर उपासना गर्ग ने छात्राओं को बधाई दी व आने वाले इंटर जोनल युवा उत्सव महोत्सव के लिए भी अधिक प्रयास के लिए प्रेरित किया। डॉक्टर सुषमा गर्ग जी ने भी छात्राओं को उत्साहित किया।

Glimpses & Media Coverage of the Event

दैनिक भास्कर पानीपत ,शुक्रवार, 10 नवंबर, 2023

5वें यूथ फेस्टिवल में ओवरऑल ट्रॉफी विजेता रहा हिंदू कन्या कॉलेज जींद

सफीदों. ट्रॉफी विजेता हिंदू कन्या कॉलेज की टीम के साथ मुख्यातिथि व अन्य स्टाफ।

भास्कर न्यूज | सफीदों

मेटिस डिग्री कॉलेज अंटा में चल रहे यूथ फेस्टिवल में गत रात्रि ओवरऑल विजेता की ट्रॉफी हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद को दी गई। वहीं युवा महोत्सव में रनर अप का खिताब गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सफीदों ने जीता। जिन्हें कॉलेज के निदेशक वजीर नेहरा ने सम्मानित किया।

नेहरा ने बताया कि यूथ फेस्टिवल में वन एक्ट प्ले में हिंदू कन्या महाविद्यालय का प्रथम स्थान रहा। क्लासिकल वोकल सोलो में भी हिंदू कन्या महाविद्यालय प्रथम रहा। क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो में भी हिंदू कन्या महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी गजल में गवर्नमेंट कॉलेज सफीदों का प्रथम स्थान रहा और हिंदू कन्या कॉलेज का स्थान द्वितीय रहा। ग्रुप सॉन्ग हरियाणवी में हिंदू कन्या महाविद्यालय का प्रथम स्थान रहा और गवर्नमेंट कॉलेज सफीदों का द्वितीय स्थान रहा। सॉन्ग की प्रस्तुति में गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सफीदों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीमक्री में हिंदू कन्या कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। युवा महोत्सव का समापन बहुत जोरों शोरों से हुआ।